
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# दुग्ध उत्पादकों की योजना के शिलान्यास के बाद मिलेगा लाभ

**शिलान्यास**

## महिला सहकारी बैंक सहित मिल्क पार्लर का राज्य सहकारिता मंत्री ने किया शिलान्यास

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जनपद मुख्यालय को को दुग्ध उत्पादकों को उच्चतम लाभ व सुविधायें उपलब्ध हो सके इसी के चलते जिले में लगातार विभिन्न प्रकार के प्रयास किये जा रहे है। पिथौरागढ़ में जनपद भ्रमण पर सीमांत तहसील के महाविधालयों व सीमांत क स्कूलों का औचक निरीक्षण कार्यक्रम निपटाने के बाद शुक्रवार को जिले में पहुंचे सहकारिता राज्यमंत्री धन सिंह रावत ने डेरी विकास उतराखंड सरकार की अगुवाई में दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ पिथौरागढ़ में दस लाख की लागत से बने मिल्क पार्लर का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री राज्य कृषि विकास योजना के अर्न्तगत रूप्ये 48320 लाख की लागत से पांच हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता से दस हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता की दुग्धशाला विस्तार हेतु भूमि पूजन किया गया।

जिले में लंबे समय से दुग्ध संघ द्वारा डेयरी विपण योजना के तहत



काम किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादकों को इस योजना के शिलान्यास होने के बाद खासा लाभ मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा की गई पहल जिले के लिए खासतौर पर मददगार साबित होगी। दूसरी ओर जाजरदेवल में महिला सशक्तीकरण को बल देते हुए महिला सहकारी बैंक की शाखा का उदघाटन किया गया। वर्तमान में जिले में सहकारी बैंकों में महिला कर्मचारी मौजूद है। वही इस बैंक के खुलने से महिला समूह संगठन को बल मिलेगा। इससे पूर्व बीते गुरूवार को स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री ने धारचूला पहुंचकर वहां जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से बैठक कर प्रदेश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। बलुवाकोट में दो करोड़ की लागत से बने महाविधालय भवन और नारायण नगर में बहुदेशीय भवन का उदघाटन भी किया। बलुवाकोट में भौतिक विज्ञान व रसायन विज्ञान विषय खोले जाने सहित हरसंभव सुविधा दिलाये जाने का भरोसा दिलाया। बलुवाकोट महाविधालय से लगी रेडक्रास की बाउन नाली भूमि महाविधालय को हंस्तारित करने के लिए उपजिलाअधिकारी को निर्देशित किया। बरम में भी क्षेत्र के लोगों ने महाविधालय खोले जाने की मांग रखते हुए एक पत्र मंत्री को सौपा। आपदा प्रभावित बंगापानी क्षेत्र में इस बार आपदा के चलते कई स्कल क्षतिग्रस्त हो गये थे मंत्री के सम्मुख यह मामले भी रखे गये। वही जिले में डेयरी योजना का शिलान्यास करने के बाद सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने जिला सहकारी बैक का औचक निरीक्षण कर बैक द्वारा जिले की जनता के लिए वितिरित होने वाले रिण योजनाओं के बारे में बैक प्रबंधन से जानकारी भी ली।

जिले में औचक निरीक्षण निपटाने के बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि कोविड 19 के के चलते जिले व गांव में वापस लौटे प्रवासी को स्वरोजगार से जोड़ने के उदेश्य से सरकार एक हजार करोड़ की धनराशि खर्च कर 150 योजनायें तैयार कर लोगों को बहुत जल्द स्वरोजगार से जोड़ने वाली है। आपदा प्रभावित सीमांत के गांवों के लिए राज्य के वित आयेग से पांच से दस लाख की धनराशि दी जा रही है।

## न्यूज डायरी

### हरिद्वार में संतों की बैठक में भिड़े कांग्रेस नेता सतपाल ब्रह्मचारी और कैबिनेट मंत्री

**संवाददाता** हरिद्वार। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से प्रदूषण फैलाने को लेकर और अपने–अपने आश्रमों के साथ ही अखाड़ों में एसटीपी लगाने के लिए भेजे गए नोटिस को लेकर कांग्रेस नेता व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी और शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक आपस में भिड़ गए। उनके बीच जमकर बहस हुई। दरअसल, हरिद्वार के संत समाज में नोटिस को लेकर आक्रोश बना हुआ है। इसके चलते शुक्रवार को कनखल स्थित हरे राम आश्रम में सभी की बैठक चल रही थी। बैठक में कांग्रेस नेता सतपाल ब्रह्मचारी भी मौजूद थे। इस दौरान शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने भाजपा सरकार के विकास कार्यों को गिनाया। साथ ही कांग्रेस सरकार के समय की गलतियां और बुराइयां पर चर्चा शुरू कर दी। इसपर सतपाल ब्रह्मचारी भड़क गए। इस मुद्दे पर दोनों के बीच बैठक में ही जमकर तीखी बहस शुरू हुई।

### नामित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में पार्षदों ने किया जमकर हंगामा

**संवाददाता** हरिद्वार। शासन द्वारा नगर निगम हरिद्वार में 12 नामित पार्षदों को मेयर अनीता शर्मा द्वारा हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के सभागार में कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए शपथ पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नामित पार्षदों ने व्यवस्थाओं को लेकर हंगामा शुरू कर दिया, साथ ही शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के अन्य पार्षदों को न बुलाये जाने की बात कहते हुए मेयर व अधिकारियों पर अपना गुस्सा निकाला। आपको बताते चलें कि नगर निगम हरिद्वार में शासन द्वारा 12 पार्षदों को नामित किया गया है।

### बीएमडब्ल्यू जी310 आर और बीएमडब्ल्यू जी310 जीएस की लांच

**संवाददाता** देहरादून।बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने आज भारत में न्यू बीएमडब्ल्यू जी310आर और बीएमडब्ल्यू जी310 जीएस को लॉंच किया। भारत पहला देश है जहाँ न्यू बीएमडब्ल्यू जी310आर और बीएमडब्ल्यू जी310 जीएस लॉंच की गई है। दोनों मोटरसाइकिल आज से बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया डीलरशिप पर उपलब्ध हैं। न्यू बीएमडब्ल्यू जी310आर औरबीएमडब्ल्यू जी310 जीएस को बीएमडब्ल्यू मोटोराड द्वारा म्यूनिकए जर्मनी में विकसित किया गया है और इनका स्थानीय उत्पादन होसुर में साझीदार टीबीएस मोटर कंपनी के सहयोग से बीएस–बीआई मानदंडों के अनुसार किया जा रहा है। एडवेंचर और फन के दीवानों के लिए, जो अप्रचलित दुर्गम रास्तों पर सफर करना चाहते हैं, बीएमडब्ल्यू जी310 जीएस असली सवारी है।

### आलवेदर रोड सात दिन तक रहेगी बंद, राष्ट्रीय राजमार्ग खंड ने दी जानकारी

**संवाददाता** पिथौरागढ़। आलवेदर रोड पर घाट से पिथोरागढ़ के मध्य गुरना मंदिर के पास अंतिम चरण का कंटिग कार्य को पूरा करने के लिए अब हाईवे आज से सात दिनों तक सात घंटे इस सड़क पर यातायात बंद रहेगा। यह जानकारी राष्ट्रीय राजमार्ग खंड की मांग पर जिला प्रशासन ने इस मामले पर आदेश जारी कर दिया है। जानकारी के मुताबिक जिला प्रशासन से मिली सूचना के मुताबिक टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 125 में गुरना मंदिर के पास सड़क कटिंग का कार्य चल रहा है। गुरना मंदिर के पास पहाड़ी की उंचाई ज्यादा है। जिस कारण इस स्थान पर पत्थर गिरने का खतरा हो सकता है। इस काम के चलते सुबह आठ बजे से एक बजे और अपराहन दो बजे से सांय पांच बजे तक आवागमन पूर्ण तौर पर बंद किये जाने की मांग की गई है। एनएच पर आलवेदर रोड की महता को देखते हुए जिला प्रशासन ने दस से सोलह अक्टूबर तक प्रात आठ बजे से अपराहन ढाई बजे तक वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है।

## गजब: ताक पर मानक,कडाके की ठंड में डामरीकरण व पेचवर्क

**संवाददाता** पुरोला। सरकारी निमार्ण दाई एंजेसियां मानकों व मौसम को ताक पर रख कर डामरीकरण व पैचवर्क स्कबर,काजवों के निमार्णनाम पर मोरी प्रखंड के नैटवाड,सांकरी,सौड,फफराला वमोताड में करोड़ों रूपये बरबाद करनें में लगे हैं।

ठंड के मौसम,तापमान व मानकों को ताक पर रख कर किये डामरीकरण व पैचवर्क का हाल इस कदर है कि डामरीकरण तीसरे दिन में ही उखड गया। सितंबर मध्य व अक्टूबर शुरू में ही मोरी के पर्वत क्षेत्र में कड़ाके की ठंड शुरू हो जाती है व सड़कों पर पाला गिरनें से तापमान इतना गिर जाता है कि सांकरी सौड,नैटवाड,फफराला व मोताड क्षेत्र में डामरीकरण व पैचवर्क हो ही नहीं सकता। किंतु गजब तो तब हो गया जब लोक निर्माण विभाग ने मानकों को ताक पर रखकर का मौसम की अनदेखी कर सितंबर अंतिम सप्ताह और अक्टूबर में मोरी–नैटवाड–सांकरी–सौड मोटरमार्ग पर डामरीकरण व पैचवर्क शुरूकर दिया जो तीसरे दिन ही उखड गया।



नैटवाड–सौड व फफराला, मोताड में चार दिन में उखड गये पेचवर्क व डामरीकरण

भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश चौहान, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राजपाल रावत,सौड गांव के प्यार सिंह व क्षेत्र के रमेश,रामचन्द्र आदि का कहना है कि लोक निर्माण विभाग हर वर्ष मोरी क्षेत्र में सर्दियां शुरू होने के बाद डामरीकरण,पैचवर्क स्कबर,काजवों के मरम्मत काम शुरू करवाता है। एक सप्ताह पूर्व फफराला,सौड,सांकरी व मोताड बाजार में डामरीकरण कई जगह पैचवर्क कराया गया जो 4 दिन में ही उखड गया,विकास खंड कार्यालय से आगे व फफराला गदेरों में काजवा-—स्कबर निमार्ण में घटिया सामग्री लगाकर काजवा बनाए जिसकी अभी से बजरी वह रोडी उखड गई है।

भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश चौहान,क्षेत्र प्रमुख बचन पंवार, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राजपाल रावत ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से मोरी क्षेत्र में मौसम व मानकों को दरकिनार कर ठंड के सीजन में कराये जा रहे डामरीकरण व पैचवर्क,स्कबर,काजवों के मरम्मत कार्यो की मजिस्ट्रेट से जांच करानें की मांग की।

# तीन गांव के पनघट की भूमि पर रातों रात खड़ी कर दी 12 दुकानें

**संवाददाता**

मरघट के रास्ते पर भी अतिक्रमण,तारबाड़ व भवन खडा कर रास्ता बंद

पुरोला। नगर पंचायत क्षेत्रातर्गत कमल नदी के दोनों ओर मरघट,पनघट व गोचर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पुरोला, मोल्टाडी,कुमारकोट, भद्राली, पोरामोटर मार्ग समत यज्ञ के प्रतिबंधित 100 मीटर दायरे में अतिक्रमणकारियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि अतिक्रमणकारियों ने उत्तराखंड सरकार की भूमि पर रातों–रात ग्राम सिराई 22 गांव के रास्ते तो बंद कर ही दिये,देवडूंग गांव की चरान चुगान की सरकारी जमीन पर रातों रात एक दर्जन दुकानें खड़ी कर दी। अतिक्रमण को लेकर स्थानीय प्रशासन सकते में तब आया जब देवडूंग,कोटी, धामपुर,मोल्टाडी गांव के ग्रामीणों ने मरघट व चरान चुगान व पशुओं के पनघट की जमीन व रास्तों अतिक्रमण कर दुकानों का ढांचा खडे होते देखा।

शुक्रवार को देवडूंग,कोठी,रामा सिराई के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी से एक बार फीर मुलाकात कर मरघट व 22 गांव के आम रास्ते व गांव की चरान चुगान,गोचर की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को हटानें को व अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत अंतर्गत सीएचसी व कमल नदी से लगी दर्जनों गांव की मरघट व रामा सिराई के मोल्ताडी,गुंदियाट गांव,पोरा,देवडूंगकुमारकोट,भद्राली, घुंडाडा व धामपुर आदि गांव को जानेवाले आमरास्ते पर कुछ शरारती तत्वों ने मकान खडाकर रास्ते पर तारबाड़ अतिक्रमण कर मरघट का रास्ता बंद कर दिया है जिससे भविष्य में दाह.संस्कार को शव ले जाने व रामा सिराई पटी के दर्जनो गांव की आवाजाही रूकनें से लोगों को परेशानी हो रही हैं।

ग्रामीणों ने एसडीएम सोहन सिंह सैनी से आम रास्ते का अतिक्रमण हटाने व अतिक्रमणकारियों के खिलाफ जल्दी कार्यवाही की मांग की है। अतिक्रमण न हटनें पर आंदोलन की चेतावनी गई है। दूसरी ओर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

## वीडियो देखने व गेमिंग का अनुभव एयरटेल पर सबसे अच्छा

**संवाददाता** देहरादून। एयरटेल ने अपने सभी प्रतिद्वंदियों को पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर अपनी बढ़त बरकरार रखी है। हाल ही में जारी ओपन सिग्नल की ताजातरीन इंडिया मोबाइल नेटवर्क एक्सपीरियंस रिपोर्ट में एयरटेल को 'ऑपरेटर टू बीट' कहा गया है। एयरटेल ने उच्च श्रेणी के 4 अवार्ड्स अपने नाम किए हैं, जिनमें बेस्ट गेमिंग और वीडियो एक्सपीरियंस भी शामिल है। यह तथ्य ओपन सिग्नल की स्टडी रिपोर्ट में सामने आया है, यह स्टडी भारत के 49 शहरों में मोबाइल नेटवर्क एक्सपीरियंस का आंकलन विभिन्न पैमानों पर करने के लिए की गई। आज के समय में, मोबाइल नेटवर्क लोगों को जोड़े रखने, उनके काम में मदद पहुंचाने और दूर रहकर भी अध्ययन करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्मार्टफोन पर वीडियो स्ट्रीमिंग और ऑनलाइन गेमिंग के प्रयोग में बड़े पैमाने पर उछाल देखा गया है, क्योंकि इस माहौल में लोग घरों के अंदर रहना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। एयरटेल की टीमें चौबीसों घंटे काम कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों को हमेशा विश्वस्तरीय नेटवर्क का अनुभव मिले।